पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग उत्तर प्रदेश

कोरोना वायरस के संक्रमण को रोकने व सुरक्षा की दृष्टि से निबंधन कार्य 31 मार्च तक स्थगित

लखनऊः 20 मार्च, 2020

प्रदेश में कोरोना वायरस के सम्भावित संक्रमण को रोकने तथा जनसामान्य की सुरक्षा की दृष्टि से दस्तावेजों की निबंधन प्रक्रिया को 31 मार्च 2020 तक स्थगित करने का निर्णय लिया गया है।

यह जानकारी प्रदेश के स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री रवीन्द्र जायसवाल ने दी। उन्होंने बताया कि कोरोना वायरस का संक्रमण दिन–प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। निबंधन कार्यालयों में सामन्यतया क्रेता–बिक्रेता बड़ी संख्या में दस्तावेजों के निबंधन हेतु उपस्थित होते हैं, जिससे निबंधन कार्यालयों में काफी भीड़ इकट्ठा हो जाती है। ऐसी स्थिति में कोरोना वायरस को रोकने हेतु सुरक्षा के दृष्टिगत यह निर्णय लिया गया है।

सम्पर्क :
सूचना अधिकारीः संध्या कुरील

राम यतन / 07:15 PM

फोन नम्बर Direct : 0522 2239023 ई0पी0बी0एक्स0 : 0522 2239132 33 34 35 एक्सटेंशन : 223 224 225
फैक्स नं0 : 0522 2237230 0522 2239586 ई–मेल : information_up@yahoo.co.in
वेबसाइट : www.information.up.nic.in